30/KS/SRS/2024

**कुमारी सैलजा, सांसद**
**लोक सभा**
**पूर्व केंद्रीय मंत्री**

सत्यमेव जयते

67, साउथ एवेन्यू, नई दिल्ली-110011
दूरभाष : (का०) 011-23018074
011-23018269
ई-मेल : officeofkumariselja@gmail.com

24 दिसंबर, 2024

प्रिय श्री सैनी जी,

मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र सिरसा के पार्कों के रखरखाव के संदर्भ में आकर्षित करना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के नगर सिरसा में करोड़ों रुपये की राशि खर्च कर टाऊन पार्क, भादरा पार्क और ग्रीन बेल्ट को विकसित किया गया था। इन पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर परिषद सिरसा दोनों ही पल्ला झाड़ रहे है। ऐसी स्थिति में पार्क उजड़ रहे है, प्रात: और सायंकालीन सैर पर जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टाऊन पार्क में म्युजिकल फाऊंटेन थे जिन पर लाखों रुपये की राशि खर्च की गई थी पर रखरखाव ठीक ढंग से न होने पर फव्वारे कबाड़ बनकर रह गए है। ऐसे ही भादरा पार्क के हालात है। ग्रीन बेल्ट नशेड़ियों का अड्डा बनकर रह गई है।

सिरसा शहरवासियों का कहना है कि जब भी इन पार्कों के रखरखाव को लेकर जब हुडा को पत्र लिखा जाता है तो कहा जाता है कि अब इन पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी नगर परिषद सिरसा की है और जब सिरसा नगर परिषद अधिकारियों से कहा जाता है कि ये पार्क हुडा के अधीन आते है और वहीं उनका रखरखाव रखती है।

मेरी आपसे मांग है कि इन पार्को और ग्रीन बैल्ट के रखरखाव की जिम्मेदारी किसी एक विभाग की तय की जाए और धनराशि जारी कर इन पार्कों का जीर्णोद्धार करवाया जाए। ऐसा करने से एक ओर जहां पर्यावरण स्वच्छ रहेगा वहीं क्षेत्रवासियों को भी लाभ होगा और बच्चों का मनोरंजन भी होगा।

धन्यवाद,

भवदीया,

सैलजा

**(कुमारी सैलजा)**

श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
हरियाणा सिविल सचिवालय
चौथी मंजिल, सैक्टर-1,
चंडीगढ़।